सत्यमेव जयते

# पंचदश

# बिहार विधान-सभा

## अष्टम् सत्र

## तारांकित प्रश्न

वर्ग-2

मंगलवार, तिथि 14 फाल्गुन, 1934 (श०) / 05 मार्च, 2013 (ई०)

प्रश्नों की कुल संख्या 122

| | |
|---|---|
| (1) प्राथमिक शिक्षा विभाग .. .. | 30 |
| (2) माध्यमिक शिक्षा विभाग .. .. | 37 |
| (3) अनुसूचित जाति एवं जन-जाति कल्याण विभाग .. .. | 07 |
| (4) परिवहन विभाग .. .. | 06 |
| (5) पर्यावरण एवं वन विभाग .. .. | 10 |
| (6) उच्च शिक्षा विभाग .. .. | 06 |
| (7) कला, संस्कृति एवं युवा कल्याण विभाग .. .. | 11 |
| (8) समाज कल्याण विभाग .. .. | 08 |
| (9) निबंधन विभाग .. .. | 04 |
| (10) खान एवं भूतत्व विभाग .. .. | 01 |
| (11) उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग .. .. | 02 |
| कुल योग .. | 122 |

बन्दरों से बचाव

'क'*476. श्री अरुण शंकर प्रसाद—क्या मंत्री, पर्यावरण एवं वन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत बासोपट्टी प्रखंड के महिनाथपुर एवं जोकी, छतौनी पंचायतों के आम बगीचा में हजारों बन्दरों का जमावड़ा लगा रहता है, यदि हाँ, तो बचाव हेतु सरकार की क्या योजना है ?

---

राशि का भुगतान

'ख'*680. श्री भोला राय—क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा० शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के कदवा प्रखंड अन्तर्गत कदवा पंचायत के चार शिक्षा मित्रों को बकाया मानदेय भुगतान करने हेतु गत वित्तीय वर्ष में राशि आवंटित की गई थी ;

(2) क्या यह बात सही है कि उन चारों शिक्षा मित्रों में से दो शिक्षा मित्रों को ही भुगतान की गयी शेष दो शिक्षा मित्रों को नहीं किया गया ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार शेष दो उपेक्षित शिक्षा मित्रों को बकाये मानदेय राशि का भुगतान कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

स्थान से हटाना

*1256. श्रीमती गुड्डी देवी—क्या मंत्री, पर्यावरण एवं वन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि छपरा जिला के मढ़ौरा प्रखंड के अवारी ग्राम में ए1 ईंट उद्योग चलाया जा रहा है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त ईंट उद्योग गाँव से मात्र 20 मीटर की दूरी पर है तथा कस्तुरबा गाँधी आवासीय बालिका विद्यालय, मढ़ौरा से 60 गज की दूरी पर यहाँ से निकलने वाली धुआ गाँव एवं उक्त आवासीय विद्यालय परिसर में फैल जाता है, जिससे छात्र को पठन–पाठन में कठिनाई होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार ईंट उद्योग को उक्त स्थान से हटाने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

---

निर्माण करना

*1257. श्री ललित कुमार यादव—क्या मंत्री, शिक्षा (मा० शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला अन्तर्गत सदर प्रखंड के प्रोजेक्ट कन्या उच्च विद्यालय, दुलारपुर में चहारदीवारी नहीं है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त विद्यालय में चहारदीवारी का निर्माण कराने का विचार रखती है, नही, तो क्यों ?

---

नोट 'क'–दिनांक 25 फरवरी, 2013 को सदन द्वारा गृह (आरक्षी) विभाग से पर्यावरण एवं वन विभाग में स्थानांतरित।

'ख–दिनांक 27 फरवरी, 2013 को सदन द्वारा पंचायती राज विभाग से शिक्षा (प्रा० शिक्षा) विभाग में स्थानांतरित।

कुलपति की नियुक्ति

*1258. श्री (डॉ0) अच्युतानन्द—क्या मंत्री, शिक्षा (उ0 शि0) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बता सही है कि राज्य के विभिन्न विश्वविद्यालयों को प्रति वर्ष सरकार द्वारा लगभग 3 हजार करोड़ रु0 की अनुदान राशि दी जाती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि राज्य के सभी विश्वविद्यालयों में कुलपतियों एवं प्रति कुलपतियों की नियुक्ति राज्य सरकार के परामर्श से करने का प्रावधान है ;

(3) क्या यह बात सही है कि राज्य में 2011 एवं 2013 में कुलपतियों की नियुक्ति में राज्य सरकार से कोई परामर्श नहीं लिया गया ;

(4) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो राज्य में कुलपतियों की नियुक्ति राज्य सरकार से परामर्श के बगैर करने का क्या औचित्य है ?

---

बस का ठहराव

*1259. श्री शिवेश कुमार—क्या मंत्री, परिवहन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिला के गड़हनी एवं चरपोखरी प्रखंड बाजार पर पटना से सासाराम जाने वाली सरकारी बस का ठहराव नहीं है, जिसके कारण आम जनता को आवागमन में कठिनाई होती है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त प्रखंडों में बसों का ठहराव देने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

उत्क्रमित करना

*1260. श्री दुर्गा प्रसाद सिंह—क्या मंत्री, शिक्षा (मा0 शि0) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिला के सरायरंजन प्रखंड के धर्मपुर पंचायत में उच्च विद्यालय नहीं है जिससे उक्त पंचायत के छात्राओं को उच्च शिक्षा प्राप्त करने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार धर्मपुर पंचायत के मध्य विद्यालय, मणिका को उच्च विद्यालय में उत्क्रमित करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

निर्गत करना

*1261. श्री तार किशोर प्रसाद—क्या मंत्री, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जन–जाति कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि बिहार राज्य में किसान जाति अनुसूचित जन–जाति के अन्तर्गत चिह्नित है ;

(2) क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला में किसान जाति के लोगों को अनुसूचित जन–जाति अन्तर्गत जाति प्रमाण–पत्र निर्गत नहीं किया जा रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार 'किसान' जाति के लोगों को अनुसूचित जन–जाति के रूप में जाति प्रमाण–पत्र निर्गत करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

निर्माण करना

*1262. श्री सतीश कुमार—क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा0 शि0) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि वैशाली जिला के बिदुपुर प्रखंडान्तर्गत चकठकुर्सी पंचायत स्थित मध्य विद्यालय, पानापुर, कुसियारी के प्रांगण में कस्तुरबा गाँधी बालिका विद्यालय संचालित है ;

(2) क्या यह बात सही है कि बिदुपुर प्रखंड परिसर में कस्तुरबा गाँधी बालिका विद्यालय के भवन निर्माण हेतु प्रखंड विकास पदाधिकारी, बिदुपुर द्वारा एन0 ओ0 सी0 शिक्षा विभाग को दिया जा चुका है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार बिदुपुर प्रखंड परिसर की रिक्त जमीन पर कस्तुरबा गाँधी बालिका विद्यालय के लिए भवन निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

भुगतान करना

*1263. श्री नरेन्द्र कुमार सिंह उर्फ बोगो सिंह--क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिलान्तर्गत बछवाड़ा प्रखंड के फतेहा पंचायत के पंचायत शिक्षकों का वेतन 1 जनवरी, 2012 से 31 जनवरी, 2013 तक का भुगतान नहीं किया गया है, यदि हां, तो क्या सरकार बकाये वेतन का भुगतान करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

प्रतिनियुक्त करना

*1264. श्रीमती उषा विद्यार्थी--क्या मंत्री, शिक्षा (मा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पटना जिला के पालीगंज प्रखंडान्तर्गत बेंदौली, इमामगंज ग्राम के उच्च विद्यालय को 10+2 में उत्क्रमित कर दिया गया है, जबकि उक्त विद्यालय में भवन एवं शिक्षक के अभाव में छात्र-छात्राओं को पठन-पाठन में कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त विद्यालय में भवन तथा चहारदीवारी का निर्माण कराते हुए शिक्षकों की प्रतिनियुक्ति करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

कार्रवाई करना

*1265. श्री कृष्ण कुमार ऋषि--हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 26 जनवरी, 2013 को प्रकाशित ''कौड़ी के भाव लगी कृषि कॉलेज के पेड़ों की बोली'' शीर्षक को ध्यान में रखते हुए क्या मंत्री, पर्यावरण एवं वन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्णियां जिला के भोला पासवान शास्त्री कृषि महाविद्यालय परिसर में आम, शीशम व सागवान के पेड़ों की निलामी 13.40 लाख में कर दिया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पेड़ों की निलामी के पूर्व ही एक समझौता पत्र तैयार हुआ था इस समझौता के आधार पर ही किसी को भी निलामी में बोली नहीं लगाने दी गयी, जबकि इन पेड़ों की कीमत 30 से 40 लाख रुपये थी;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त निलामी करने वाले पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

निर्माण करना

*1266. श्री प्रदीप कुमार--क्या मंत्री, शिक्षा (मा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नवादा जिलान्तर्गत इन्टर विद्यालय शाहपुर तथा धानपुर का भवन निर्माण की राशि 26,00,000 (छब्बीस लाख) रुपया वर्ष 2011 में विभाग द्वारा वापस करा लिया गया है, किन्तु विद्यालय का भवन जर्जर है, जिससे विद्यार्थियों को परेशानी होती है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त विद्यालयों का भवन निर्माण करवाने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

पूर्ण करना

*1267. श्री नरेन्द्र कुमार सिंह उर्फ बोगो सिंह--क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिलान्तर्गत बरौनी प्रखंड के आदर्श मध्य विद्यालय एवं उत्क्रमित कन्या मध्य विद्यालय केशावे में भवन निर्माण कार्य अधूरा है जिस कारण छात्र-छात्राओं को पठन-पाठन में कठिनाई होती है, यदि हां, तो क्या सरकार छात्र एवं छात्रा के हित में अधूरा भवन निर्माण कार्य को पूरा करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

उपलब्ध कराना

*1268. श्रीमती लेशी सिंह--क्या मंत्री, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्णियां जिलान्तर्गत धमदाहा अनुमंडल में स्टेडियम निर्माण हेतु विभाग द्वारा वर्ष 2007-08 में राशि आवंटित किया गया था, जिससे स्टेडियम का एक हिस्सा बनकर तैयार है;

(2) क्या यह बात सही है कि इस स्टेडियम के निर्माण हेतु शेष राशि आवंटित नहीं होने से स्टेडियम अधूरा पड़ा है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त स्टेडियम निर्माण हेतु पर्याप्त राशि उपलब्ध कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

नियुक्ति का औचित्य

*1269. श्री दुर्गा प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिलान्तर्गत अलीनगर प्रखंड में वर्ष 2008 में प्रखंड शिक्षक नियोजन की प्रक्रिया प्रारम्भ हुई जिसमें निर्धारित प्रक्रिया एवं रोस्टर उल्लंघन करके प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी द्वारा 69 शिक्षकों की नियुक्ति की गई और 1 मार्च, 2012 को नियुक्ति पत्र जारी किया गया;

(2) क्या यह बात सही है कि नियुक्ति पंजी के संकल्प पर प्रखंड प्रमुख, प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं पंचायत समिति के सदस्यों का हस्ताक्षर होना आवश्यक है तथा नियुक्ति पत्र पर प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी को संयुक्त हस्ताक्षर आवश्यक है जो नहीं है;

(3) क्या यह बात सही है कि उपर्युक्त अनियमितताओं की जाँच एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु नेता विरोधी दल बि०वि०स० के पत्रांक 598-का०/12, दिनांक 1 अगस्त, 2012 द्वारा प्रधान सचिव शिक्षा विभाग को लिखा गया था;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो उक्त अवैध नियुक्त शिक्षकों को सेवा में बनाये रखने का क्या औचित्य है ?

---------

प्रमाण-पत्र भेजना

*1270. श्री अब्दुलबारी सिद्दिकी--क्या मंत्री, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि केन्द्र सरकार ने बिहार के 847 ग्राम पंचायतों एवं 53 प्रखंड पंचायतों के खेल के आधारभूत संरचना के विकास तथा प्रतियोगिता हेतु राज्य सरकार को कैपिटल ग्रांट 4 करोड़ 17 लाख रुपया तथा Annual Acquisition ग्रांट 1,04,83,000 रुपया दिनांक 11 नवम्बर, 2008 को दिया है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त राशि का उपयोगिता प्रमाण-पत्र केन्द्र सरकार को नहीं भेजने के कारण दूसरा किस्त 3,97,62,500 रुपया राज्य सरकार को नहीं मिला, जिसके लिए सचिव, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के पत्रांक डी०ओ० नं० 6-35/2008- SP. IV (PYKKA) VOL-II, दिनांक 23 मई, 2011 द्वारा मुख्य सचिव, बिहार को पत्र लिखा गया है, यदि हां, तो केन्द्र सरकार से प्राप्त राशि की उपयोगिता प्रमाण-पत्र नहीं भेजने का क्या औचित्य है ?

---------

गठन करना

*1271. श्री विनोद नारायण झा--क्या मंत्री, अनुसूचित जाति/अनुसूचित जन-जाति कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि अनुसूचित जाति/अनुसूचित जन-जाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, 1989 एवं नियम 1995 के तहत राज्य के प्रत्येक जिले में जिला स्तरीय सतर्कता एवं अनुश्रवण समिति के गठन का प्रावधान है;

(2) क्या यह बात सही है कि अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जन-जाति कल्याण विभाग के पत्रांक 1041, दिनांक 4 मई, 2011 के द्वारा जिला पदाधिकारी, मधुबनी से उक्त समिति के गठन के लिये संभावित नामों की सूची मांगी गयी थी;

(3) क्या यह बात सही है कि जिला पदाधिकारी, मधुबनी ने अपने पत्रांक 798, दिनांक 8 नवम्बर, 2011 के द्वारा उक्त सूची विभाग को प्रेषित कर दी है परन्तु अभीतक समिति के गठन से संबंधित अधिसूचना निर्गत नहीं हुई है;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार जिलाधिकारी, मधुबनी की अनुशंसा के आलोक में उक्त समिति के गठन का विचार रखती है, यदि हां,, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

राशि का खर्च

*1272. श्री मंजीत कुमार सिंह--क्या मंत्री, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जन-जाति कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि महादलित विकास हेतु राज्य योजनान्तर्गत 2012-13 के बजट में आवंटित 2,27,75,60,000 रुपये एवं अत्याचार निवारण हेतु आवंटित 2,50,00,000 रुपये राशि के विरुद्ध व्यय शून्य है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो राशि खर्च नहीं होने का क्या औचित्य है ?

---------

उत्क्रमित करना

*1273. डॉ० अरूण कुमार--क्या मंत्री, शिक्षा (मा० शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सहरसा जिलान्तर्गत सलखुआ प्रखण्ड में मध्य विद्यालय, बहुअरवा ग्रामीण क्षेत्र में अवस्थित है एवं प्रखण्ड मुख्यालय से लगभग 10 कि०मी० दूरी पर है, जिसके कारण उक्त इलाके के बच्चों को उच्च शिक्षा प्राप्त करने में काफी कठिनाई होती है, यदि हां, तो क्या सरकार मध्य विद्यालय, बहुअरवा को उच्च विद्यालय में उत्क्रमित करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

निर्माण करना

*1274. श्री ललित कुमार यादव--क्या मंत्री, शिक्षा (मा० शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला अन्तर्गत सदर प्रखण्ड के आदर्श उच्च विद्यालय, अतिहर, सुनता उच्च विद्यालय, जीवछ घाट में चहारदीवारी नहीं है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त विद्यालयों में चहारदीवारी का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

निर्माण करना

*1275. श्री छोटे लाल राय--क्या मंत्री, शिक्षा (मा० शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सारण जिलान्तर्गत दरियापुर प्रखण्ड को उच्च विद्यालय, प्रतापपुर, उच्च विद्यालय, खानपुर एवं उच्च विद्यालय, विश्वम्भरपुर का भवन जर्जर है, जिससे विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को पठन-पाठन में दिक्कत होती है;

(2)यदि उपरोक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त उच्च विद्यालयों का भवन निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

उत्क्रमित करना

*1276. श्री अभिराम शर्मा--क्या मंत्री, शिक्षा (मा० शिक्षा०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि जहानाबाद जिला के रतनी फरीदपुर प्रखण्ड अन्तर्गत मध्य विद्यालय, मुरहारा के पाँच कि० मी० की परिधि में एक भी उच्च विद्यालय नहीं है, जिसके कारण उक्त विद्यालय के छात्र-छात्राओं को माध्यमिक शिक्षा प्राप्त करने में परेशानी का सामना करना पड़ता है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त विद्यालय को उच्च विद्यालय में उत्क्रमित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

उत्क्रमित करना

*1277. श्री जनक सिंह--क्या मंत्री, शिक्षा (मा० शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सारण जिलान्तर्गत इसुआपुर प्रखण्ड के मध्य विद्यालय, छपिया बिचला टोला, तरैया प्रखण्ड के मध्य विद्यालय, सरेयावंसत एवं पानापुर प्रखण्ड के मध्य विद्यालय, लगुनी के छात्र-छात्राओं को उच्च विद्यालयों में शिक्षा ग्रहण करने के लिए 05 कि० मी० की दूरी तय कर जाना पड़ता है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त विद्यालयों को उच्च विद्यालय में उत्क्रमित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

कार्रवाई करना

*1278. श्री राम लषण राम 'रमण'--क्या मंत्री, शिक्षा (मा० शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत अंधराठाढ़ी प्रखण्ड के उच्च विद्यालय, हरड़ी में वर्ष 2008 में प्लस टू विद्यालय भवन के निर्माण हेतु 26 (छब्बीस) लाख रुपये प्राप्त कराये गये थे;

(2) क्या यह बात सही है कि कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग कार्य प्रमण्डल 2, झंझारपुर द्वारा दिनांक 18 दिसम्बर, 2009 को निविदा संख्या 03/2009-10 निकाली गई तथा 15 प्रतिशत लेश पर ऐग्रीमेन्ट किया गया;

(3) क्या यह बात सही है कि 22,12,031 (बाईस लाख बारह हजार एकतीस) रुपये के भुगतान के बाद भी भवन अधूरा एवं जर्जर हालत में है;

(4) यदि उपरोक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त विद्यालय के भवन निर्माण के साथ दोषी पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

निष्पादन करना

*1279. डॉ० इजहार अहमद--स्थानीय हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 10 जनवरी, 2013 को प्रकाशित शीर्षक ''लगातार बढ़ रही महिलाओं के प्रति हिंसा'' को ध्यान में रखते हुये क्या मंत्री, समाज कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बिहार राज्य में महिलाओं की हितों की रक्षा हेतु बने कानून से भी प्रताड़ना से मुक्ति नहीं मिल रहा है;

(2) क्या यह बात सही है कि बिहार राज्य में वर्ष 2011 में महिलाओं के संबंध में 499 मामले थे, जबकि 2012 में हेल्प लाइन पहुँची, महिला हिंसा 537 जिसमें घरेलू हिंसा 282, दहेज प्रताड़ना 90, दहेज मृत्यु 02, दूसरी शादी में 18, सम्पत्ति विवाद 19 अन्य 126 दर्ज है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो आजतक महिलाओं के दर्ज मामलों का निष्पादन नहीं किये जाने का क्या औचित्य है ?

---------

कार्रवाई करना

*1280. श्री संजय सरावगी--क्या मंत्री, शिक्षा (मा० शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बिहार शिक्षा परियोजना, दरभंगा द्वारा विभिन्न विद्यालयों में अतिरिक्त वर्ग कक्ष मद में वित्तीय वर्ष 2006-07 से 2011-12 तक कुल 9196 वर्ग कक्ष बनाने का लक्ष्य लिया गया था एवं सभी वर्ग कक्ष के लिए विभिन्न विद्यालयों को राशि आवंटित कर दी गई थी;

(2) क्या यह बात सही है कि दिनांक 31 दिसम्बर, 2012 तक 9196 वर्ग कक्ष के विरुद्ध 5122 वर्ग कक्ष का ही निर्माण हो पाया है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार इन वर्ग कक्ष का निर्माण कबतक कराना चाहती है एवं विलम्ब के कारणों की जाँच करवाकर दोषी व्यक्तियों पर कार्रवाई करवाना चाहती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

विश्वविद्यालय की स्थापना

*1281. डॉ० दाउद अली--क्या मंत्री, शिक्षा (उ० शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भारतीय संस्कृति ग्रंथ रामायण के अनुसार बक्सर जिला के तत्कालिक नाम व्याग्रसर में महर्षि विश्वामित्र ने पुरुषोत्तम श्री राम-लक्ष्मण को शिक्षा दीक्षा दिया था जिससे यह स्पष्ट है कि यहां शैक्षणिक माहौल रहा है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त ऐतिहासिक संस्कृति की धार्मिक महत्ता हेतु बक्सर नगरी में विश्वविद्यालय की स्थापना कराने का विचार रखती है, हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

----------

उत्क्रमित करना

*1282. श्री रामानन्द राम--क्या मंत्री, शिक्षा (मा० शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य सरकार द्वारा 20 वर्षों से स्थापित मध्य वि० को उच्च विद्यालय में उत्क्रमित करने का निर्णय वर्ष 2008 में लिया गया है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार बेगूसराय जिला के प्रखण्ड गढ़पुरा के राजकीय मध्य विद्यालय, मझुराहा, रजौर जो 42 वर्ष पुरानी है, को उच्च विद्यालय में उत्क्रमित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

पदस्थापन करना

*1283. श्री कृष्णनन्दन पासवान--क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा० शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला अन्तर्गत तुरकौलिया प्रखण्ड के प्रखण्ड शिक्षा पदाधिकारी के सेवानिवृत्ति के उपरान्त आजतक किसी भी प्रखण्ड शिक्षा पदाधिकारी का पदस्थापन नहीं किया गया है जिसके कारण शिक्षा क्षेत्र के कार्यों में शिथिलता आ गई है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त प्रखण्ड में प्रखण्ड शिक्षा पदाधिकारी के पदस्थापन का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

निर्माण करना

*1284. श्री राजेश सिंह--क्या मंत्री, पर्यावरण एवं वन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि प० चम्पारण जिलान्तर्गत बाल्मीकिनगर बगहा स्टेट हाईवे रोड के 6 कि० मी० वन क्षेत्र में मात्र 1 कि०मी० बिहार के मदनपुर रेंज में वन क्षेत्र पड़ता है;

(2) क्या यह बात सही है कि उत्तर प्रदेश वाले भाग वन क्षेत्र में सड़क का निर्माण किया गया है लेकिन बिहार के मदनपुर वन क्षेत्र के 1 कि०मी० में दो जगह पर पुल का निर्माण नहीं किया गया है, जिसके कारण दोनों राज्यों में वन क्षेत्र का सम्पर्क नहीं हो पा रहा है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार बिहार के मदनपुर वन क्षेत्र में एक कि०मी० पड़ने वाले सड़क में दो स्थानों पर पुलों का निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

निर्माण करना

*1285. श्रीमती नीता चौधरी--क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा० शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मुंगेर जिला के हवेली खड़गपुर प्रखण्ड अन्तर्गत रमनकाबाद पश्चिम पंचायत में समदा हथिया मध्य विद्यालय के समीप कस्तुरबा विद्यालय चल रहा है जिसमें चहारदीवारी नहीं रहने के कारण छात्राएं असुरक्षित हैं;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार उक्त विद्यालय की चहारदीवारी का निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-----------

चालू करना

*1286. डा० अरूण कुमार--क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा० शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधेपुरा जिला मुख्यालय में सरकारी महिला शिक्षण प्रशिक्षण महाविद्यालय वर्ष 2002 से ही बंद है जिससे स्थानीय छात्राओं को खासकर लड़कियों को प्रशिक्षण लेने में असुविधा होती है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार उक्त सरकारी महिला शिक्षण प्रशिक्षण महाविद्यालय को चालू कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

मरम्मती करना

*1287. श्री बृज किशोर सिंह--क्या मंत्री, शिक्षा (मा० शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिला के मोतिपुर प्रखण्ड स्थित केसैंया हाई स्कूल की मरम्मती पिछले 10 वर्षों से नहीं हुआ है, जिससे इसका 12 कमरे में से 07 कमरा क्षतिग्रस्त हो गया है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार केसैंया हाई स्कूल की मरम्मती कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

विद्यालय खोलना

*1288. श्री विजय कुमार सिन्हा--क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा० शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि लखीसराय जिला के हलसी प्रखण्ड अन्तर्गत गेरूआ पुरसंडा पंचायत में सिलवे एक मुस्लिम बहुल अल्पसंख्यक गाँव है जहाँ बच्चों की शिक्षा के लिये एक भी उर्दू मकतव नहीं है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त गाँव में उर्दू मकतव खोलने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

निर्माण करना

*1289. श्रीमती सुजाता देवी--क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा० शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सुपौल जिला के पिपरा प्रखण्ड अन्तर्गत ग्राम-कजही में धनाय प्राथमिक-सह-संस्कृत मध्य विद्यालय, कजही का भवन नहीं है;

(2) क्या यह बात सही है कि भवन के अभाव में छात्रों का पठन-पाठन फुस के घर में होता है जिससे छात्रों के पठन-पाठन में कठिनाई हो रही है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त विद्यालय के लिए पक्का भवन का निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक और नहीं, तो क्यों ?

स्थानान्तरित करना

*1290. श्री अवनीश कुमार सिंह--क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सरकार के परिपत्र सं० 434, दिनांक 1 मार्च, 2007 के अनुसार कोई भी पदाधिकारी तीन वर्ष से अधिक तक एक जगह पदस्थापित नहीं रह सकता है परन्तु इस परिपत्र का उल्लंघन कर प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी, चिरैया, पूर्वी चम्पारण तीन वर्षों से अधिक से पदस्थापित हैं, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त परिपत्र का अनुपालन करते हुए प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी, चिरैया, पूर्वी चम्पारण को अन्यत्र स्थानान्तरित करने का विचार रखती है ?

--------

स्टेडियम बनाना

*1291. श्री छेदी पासवान--क्या मंत्री, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कैमूर जिलान्तर्गत प्रखण्ड मोहनिया के ग्राम कटराकला में खाता संख्या 395, खेसरा सं०, 995, थाना सं० 408, आनावाद बिहार सरकार के दो सौ मीटर लम्बाई एवं डेढ़ सौ मीटर चौड़ाई भू-भाग खेल मैदान के रूप में अवस्थित है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त गाँव के उच्च विद्यालय में बारह सौ छात्र-छात्राएँ क्रीड़ा करते हैं, उक्त खेल मैदान को स्टेडियम का रूप न देने से चारों तरफ से अतिक्रमण हो रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त गाँव के उक्त खेल मैदान को स्टेडियम का रूप देना चाहती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

उपलब्ध कराना

*1292. श्री विनय बिहारी--क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि प० चम्पारण जिला के योगापट्टी प्रखंड अन्तर्गत पिपरहीया पंचायत वार्ड नं० 9 स्थित प्राथमिक विद्यालय (राधाकान्त तिवारी के टोला) भवनविहीन है जिसके कारण बच्चे खुले आसमान के नीचे शिक्षा ग्रहण करते हैं ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त विद्यालय के भवन समेत सभी मूलभूत सुविधाओं को उपलब्ध कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

कार्रवाई करना

*1293. श्रीमती मीना द्विवेदी--हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 2 फरवरी, 2013 को प्रकाशित खबर ''निजी गाड़ियों पर भी लाल व पीली बत्ती'' शीर्षक के संदर्भ में क्या मंत्री, परिवहन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला में लाल व पीली बत्ती निजी वाहन में लगाकर अवैध तरीके से वाहन चलाए जा रहे हैं ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार निजी वाहनों पर से पीली बत्ती हटाकर कानून का उल्लंघन कर रहे व्यक्तियों पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

पढ़ाई शुरू करना

*1294. डॉ० अच्युतानन्द--क्या मंत्री, शिक्षा (मा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि वैशाली जिला के महनार प्रखंड के महनार +2 उच्च विद्यालय, महनार, कन्या +2 उच्च विद्यालय, हसनपुर +2 उच्च विद्यालय तथा जन्दाहा प्रखंड के नरहरपुर +2 उच्च विद्यालय, चकफतेह +2 उच्च विद्यालय तथा हरप्रसाद +2 उच्च विद्यालयों में +2 की पढ़ाई स्वीकृति के 3 साल के बाद भी शुरू नहीं करने से क्षेत्र के छात्र-छात्राओं को उच्च शिक्षा प्राप्त करने में कठिनाई हो रही है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त +2 विद्यालयों में इंटर की पढ़ाई शुरू कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

उत्क्रमित करना

*1295. श्री रामेश्वर पासवान--क्या मंत्री, शिक्षा (मा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि राजकीयकृत उच्च विद्यालयों को सरकार शर्तों के अधीन +2 में उत्क्रमित करने के प्रावधान के जैसा वित्तरहित उच्च विद्यालयों को भी शर्तें पूरा करने पर 10+2 में उत्क्रमित करने का प्रावधान है, यदि हाँ, तो सिकन्दरा प्रखंड के वित्तरहित कुमार उच्च विद्यालय को 10+2 में उत्क्रमित करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

मुक्त करना

*1296. श्री भोला राय--क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि अररिया जिला के फारबिसगंज प्रखंड अंतर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय, माणिकपुर की भूमि पड़ोसियों द्वारा अतिक्रमित कर लिया गया है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त विद्यालय की भूमि का अतिक्रमण मुक्त कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

छात्रावास खोलना

*1297. श्रीमती (प्रो०) उषा सिन्हा--क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिले के परवलपुर एवं हिलसा प्रखंड के बालिका छात्रावास नहीं रहने से दूर-दराज के बालिकाओं को अध्ययन में काफी कठिनाई हो रही है ;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त प्रखंडों में बालिका छात्रावास खोलने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

वापस करना

*1298. श्री प्रमोद कुमार--स्थानीय हिन्दी दैनिक में दिनांक 8 फरवरी, 2013 को प्रकाशित शीर्षक ''शहर में एम०डी०एम० योजना में मैन्यू का नहीं हो रहा पालन'' को ध्यान में रखते हुए क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिले के मोतिहारी शहर सहित सभी स्थानों पर एम०डी०एम० योजना में मैन्यू एवं शुद्धताविहीन योजना एवं एन०जी०ओ० द्वारा विद्यार्थियों को उपलब्ध कराया जा रहा है, यदि हाँ, तो क्या सरकार अनुबंधित एन०जी०ओ० के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर उनको आवंटित राजस्व वापस कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

कार्रवाई करना

*1299. श्री राजेश्वर राज--क्या मंत्री, उत्पाद एवं मद्य-निषेध विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है, कि रोहतास जिला के विक्रमगंज प्रखंडान्तर्गत ग्राम-मोरौना में अवैध रूप से दारू बिक्री का धंधा विगत तीन वर्षों से चल रहा है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त गाँव में अवैध रूप से दारू बिक्री पर रोक लगाते हुए दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

चालू करना

*1300. श्री अब्दुल बारी सिद्दिकी--क्या मंत्री, कला संस्कृति एवं युवा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि वर्ष 1997 में जननायक कर्पूरी ठाकुर के नाम पर दिनांक 06-14 अप्रैल तक प्रथम अखिल भारतीय कर्पूरी ठाकुर गोल्डकप फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया और प्रत्येक वर्ष ऐसा आयोजन करने के लिए एक आयोजन समिति का गठन किया गया था, जो अब पूर्ण रूप से बंद है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो अखिल भारतीय कर्पूरी ठाकुर गोल्ड कप फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन बन्द करने का क्या औचित्य है और सरकार इसे कब से चालू करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

नियोजन करना

*1301. श्री अख्तरूल इस्लाम शाहिन--क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिला अन्तर्गत प्रखंड सरायरंजन के अन्तर्गत विभिन्न पंचायतों यथा बी० एलौथ, बरबट्टा आदि में वर्ष 2006 में पंचायत शिक्षकों का नियोजन हुआ था जहाँ शिक्षा विभाग द्वारा जारी मार्गदर्शिका का उल्लंघन कर योग्य उम्मीदवारों का नियोजन नहीं किया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि निगरानी विभाग (अन्वेषण ब्यूरो) ने उक्त मामले की जाँच कर अपने पत्रांक 2792/अनु० दिनांक 17 मई, 2011 के द्वारा उचित कार्रवाई करने हेतु प्रधान सचिव, मानव संसाधन विकास विभाग, बिहार सरकार, पटना को पत्र लिखा है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार नियोजन में अनियमितता बरतने वाली नियोजन इकाई के सदस्यों के विरुद्ध उचित कार्रवाई करते हुए वंचित योग्य अभ्यार्थियों का नियोजन करना चाहती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

निर्माण करना

*1302. श्रीमती सुजाता देवी--क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है, कि सुपौल जिलान्तर्गत किशनपुर प्रखंड के बौराहा पंचायत का ग्राम बौराहा में प्राथमिक कन्या विद्यालय एवं मध्य विद्यालय तथा ग्राम गोड़ियारी में प्राथमिक विद्यालय वर्ष 1998-99 से भवनविहीन है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त विद्यालयों का भवन निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

निर्माण करना

*1303. श्री अरूण शंकर प्रसाद--क्या मंत्री, निबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत अवर निबंधन कार्यालय, जयनगर का भवन ब्रिटिशकालीन समय का बना हुआ है जो जर्जर अवस्था में है जहाँ निबंधन कराने में लोगों को कठिनाई का सामना करना पड़ता है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार कबतक उक्त निबंधन कार्यालय के भवन का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

विद्यालय खोलना

*1304. डॉ० फैयाज अहमद--क्या मंत्री, शिक्षा (मा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला के बिस्फी एवं रहिका प्रखंडान्तर्गत एक भी कन्या उच्च विद्यालय नहीं है, जिससे पठन-पाठन में कठिनाई होती है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त प्रखंड में बालिका उच्च विद्यालय खोलने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

बस का परिचालन

*1305. श्री नौशाद आलम--क्या मंत्री, परिवहन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिला का ठाकुरगंज प्रखंड पटना से लगभग 475 कि०मी० की दूरी पर अवस्थित है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त प्रखण्ड से सीधे पटना आने के लिए कोई भी सरकारी या निजी बस सेवा नहीं है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उपरोक्त प्रखंड मुख्यालय से पटना भाया बहादुरगंज, अररिया आवागमन हेतु सरकारी बस चलाने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

प्रारंभ करना

*1306. श्री जितेन्द्र कुमार राय--क्या मंत्री, कला संस्कृति एवं युवा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सरकार ने वर्ष 2009-10 में सारण जिला के मढ़ौड़ा प्रखंड के शिलहाड़ी उच्च विद्यालय में इन्डोर स्टेडियम के निर्माण हेतु जिला प्रशासन के माध्यम से भवन निर्माण विभाग को राशि उपलब्ध करायी थी;

(2) क्या यह बात सही है कि राशि उपलब्ध कराने के बाद भी इन्डोर स्टेडियम का निर्माण नहीं कराया गया;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार शिलहौड़ी एच०एस० में इन्डोर स्टेडियम का निर्माण कार्य प्रारंभ कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

उत्क्रमित करना

*1307. श्रीमती गुलजार देवी--क्या मंत्री, शिक्षा (मा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत मधेपुर प्रखंड स्थित तढीहा ग्राम पंचायत में अवस्थित मध्य विद्यालय के 05 कि०मी० की परिधि में कोई उच्च वि० अवस्थित नहीं है, जिसके कारण वहाँ के छात्र-छात्राओं को प्राथमिक शिक्षा के बाद पढ़ाई में कठिनाई होती है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त मध्य विद्यालय को उच्च विद्यालय में उत्क्रमित करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

स्टेडियम बनाना

*1308. श्रीमती रंजु गीता--क्या मंत्री, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत बाजपट्टी प्रखंड के मधुबन, बसहा पूर्वी पंचायत के कचहरीपुर ग्राम में 4.5 एकड़ का मैदान अवस्थित है; यह मैदान प्रखंड का एकमात्र बड़ा मैदान है;

(2) क्या यह बात सही है कि इसके चारो तरफ सुरक्षा दीवार नहीं होने से स्थानीय असमाजिक तत्वों द्वारा अवैध कब्जा कर अपने कृषि योग्य भूमि में मिलाते जा रहे हैं;

(3) क्या यह बात सही है कि उक्त प्रखंड में बच्चे के खेल का मैदान उपलब्ध नहीं है;

(4) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त मैदान के चारो तरफ सुरक्षा दीवार और स्टेडियम बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

स्थापना करना

*1309. श्रीमती पूनम देवी यादव--क्या मंत्री, खान एवं भूतत्व विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि खगड़िया जिला में खान एवं भूतत्व विभाग का कार्यालय नहीं है, जिसके कारण उक्त विभाग के कार्यों के लिए लोगों को बेगूसराय जिला जाना पड़ता है, यदि हां, तो सरकार कबतक जिला में खान एवं भूतत्व विभाग के कार्यालय की स्थापना करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

प्रारंभ करना

*1310. श्री रामदेव महतो--क्या मंत्री, शिक्षा (मा0 शि0) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला के लक्ष्मीश्वर एकेडमिक उच्च विद्यालय, सरसोपाही को +2 विद्यालय भवन निर्माण हेतु 26 लाख रुपया वर्ष 2009 में विभाग द्वारा प्राचार्य को दिया गया था एवं एक साल के अन्दर बनाने का समय-सीमा निर्धारित किया गया था, किन्तु भवन का निर्माण अबतक प्रारम्भ नहीं किया गया है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार निर्माण कार्य प्रारम्भ नहीं कराने वाले पर कार्रवाई करते हुए निर्माण कार्य प्रारम्भ कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------------

निर्माण करना

*1311. श्री छोटे लाल राय--क्या मंत्री, निबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सारण जिला अन्तर्गत प्रखंड परसा में निबंधन कार्यालय का भवन जर्जर है, यदि हां, तो क्या सरकार परसा निबंधन कार्यालय का भवन निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

पदस्थापन करना

*1312. श्री विनोद प्रसाद यादव--क्या मंत्री, शिक्षा (उ0 शि0) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिलान्तर्गत शेरघाटी अनुमंडलीय मुख्यालय में श्री महंथ शतानन्द गिरि कॉलेज, शेरघाटी अवस्थित है, जिसमें विषयवार व्याख्याता नहीं हैं;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त महाविद्यालय में व्याख्याताओं की कमी के कारण छात्रों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार श्री महंथ शतानन्द गिरि कॉलेज, शेरघाटी में विषयवार व्याख्याताओं के पदस्थापना का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

कार्रवाई करना

*1313. श्री कृष्ण कुमार ऋषि--हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 11 दिसम्बर, 2012 को प्रकाशित ''आँगनबाड़ी केन्द्र निर्माण बिना राशि का उठाव'' शीर्षक को ध्यान में रखते हुए क्या मंत्री, समाज कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्णियां जिला में एम0 एस0 डी0 पी0 योजना के तहत प्रखंडों में आँगनबाड़ी केन्द्रों के निर्माण के संबंध में प्रत्येक माह जिला को भेजा जा रहा प्रतिवेदन गलत है;

(2) क्या यह बात सही है कि प्रत्येक आँगनबाड़ी केन्द्र निर्माण हेतु 4.60 लाख की राशि से 46 आँगनबाड़ी केन्द्र निर्माण कराया गया है जिसमें कुछ आँगनबाड़ी केन्द्रों की नींव भी नहीं पड़ी किन्तु आँगनबाड़ी केन्द्र का निर्माण लिंटर तक बताकर राशि का उठाव कर लिया गया है;

(3) यदि उपरोक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार 46 आँगनबाड़ी केन्द्रों के निर्माण में अनियमितता करने वाले पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------------

लाभ देना

*1314. श्री सुरेश चंचल--क्या मंत्री, समाज कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बी0 पी0 एल0 परिवारों के लिए कन्या विवाह योजनान्तर्गत दी जाने वाली सहाय्य राशि का लाभ मुजफ्फरपुर जिला के सकरा प्रखंड में आवंटन के अभाव के कारण वित्तीय वर्ष 2010-11 से ही लगभग 1000 परिवारों को नहीं मिल पाया है, यदि हां, तो क्या सरकार सकरा प्रखंड के सभी लाभार्थियों को कन्या विवाह योजना का लाभ शीघ्र देने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

उत्क्रमित करना

*1315. श्री रामचंद्र सहनी--क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा0 शि0) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला अन्तर्गत रामगढ़वा प्रखंड में राजकीय मध्य विद्यालय, प्रसौना मदन से अन्य उच्च विद्यालयों की दूरी 8-10 कि0मी0 है, जिससे छात्र/छात्राओं को उच्च विद्यालय में नामांकन हेतु कठिनाई का सामना करना पड़ता है, यदि हां, तो क्या सरकार रा0 म0 वि0, प्रसौना मदन को उच्च विद्यालय में उत्क्रमित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

निर्माण करना

*1316. श्री राजेश्वर राज--क्या मंत्री, शिक्षा (मा0 शि0) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि रोहतास जिला के विक्रमगंज प्रखंडान्तर्गत रामधार उ0 वि0, धनगाई, तेन्दुनी, कस्तर, शिवपुर, गोटया का वित्तीय वर्ष 2007-08 में 10+2 में उत्क्रमण के फलस्वरूप अभीतक आधारभूत संरचना का निर्माण नहीं किये जाने से पठन-पाठन का कार्य बाधित है, यदि हां, तो क्या सरकार वर्णित विद्यालयों को आधारभूत संरचना का निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

निर्माण करना

*1317. श्री सुरेन्द्र प्रसाद सिन्हा-- क्या मंत्री, शिक्षा (मा० शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिलान्तर्गत गुररू प्रखंड में उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, जागतीबर डिहा का चहारदीवारी नहीं होने के कारण आवारा पशुओं का प्रवेश विद्यालय परिसर में हो जाता है, जिससे पठन-पाठन में व्यवधान उत्पन्न होता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त विद्यालय की चहारदीवारी निर्माण कराने विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-----------

स्थापित करना

*1318. श्री मनोहर प्रसाद सिंह-- क्या मंत्री, समाज कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के मनिहारी प्रखंड अन्तर्गत धुरियाही ग्राम पंचायत के वार्ड सं० 2 में आँगनबाड़ी केन्द्र नहीं है, यदि हाँ, तो क्या सरकार वहाँ आँगनबाड़ी केन्द्र स्थापित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-----------

निर्माण करना

*1319. श्री गोपालजी ठाकुर-- क्या मंत्री, शिक्षा (मा० शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला के बेनीपुर प्रखंडान्तर्गत +2 उच्च विद्यालय, नवादा, +2 जयानन्द उच्च विद्यालय, बहेड़ा, +2 उच्च विद्यालय, महिनाम पोहद्दी एवं बिरौल प्रखंड के +2 उच्च विद्यालय, बन्दा से 26 लाख रुपया विभाग को वापस आ गया है, जबकि उक्त विद्यालय में भवन के अभाव में शिक्षण कार्य बाधित हो रहा है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त विद्यालय का भवन निर्माण कराना चाहती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-----------

विद्यालय बनाना

*1320. श्री गोपालजी ठाकुर-- क्या मंत्री, शिक्षा (मा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिलान्तर्गत बेनीपुर प्रखंड में एक भी मॉडल उच्च विद्यालय नहीं है;

(2) क्या यह बात सही है कि राजकीय श्रीमती बुचनी उच्च विद्यालय, लक्षुआर मॉडल विद्यालय बनने का सभी शर्त पूरा करता है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त विद्यालय को मॉडल विद्यालय बनाने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-----------

स्थापित करना

*1321. डॉ० इजहार अहमद-- क्या मंत्री, शिक्षा (उ० शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि प्राथमिक से कॉलेज स्तर तक की सरकारी शिक्षण संस्थाओं में शिक्षकों एवं छात्रों की उपस्थिति की मॉनिटरिंग को आई०आई० व आई०आई०बी०एम० के सहयोग से त्रिस्तरीय अनुश्रवण प्रस्ताव एक वर्ष से अधिक से लंबित पड़ा है जिससे पठन-पाठन में गुणात्मक सुधार करने हेतु हर वर्ष दस करोड़ की राशि खर्च करने का प्रावधान किया गया था;

(2) क्या यह बात सही है कि इन केन्द्रों के द्वारा 72 हजार प्राथमिक एवं मध्य विद्यालयों, 2500 माध्यमिक विद्यालयों व 250 से अधिक कॉलेजों में छात्रों-शिक्षकों की उपस्थिति, परियोजना से संबंधित आँकड़े तथा शिक्षक-अभिभावक की बैठकें आयोजित करने का दायित्व था;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार मॉनिटरिंग डील सेंटर स्थापित करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

विद्यालय खोलना

*1322. श्री वीरेन्द्र कुमार सिंह-- क्या मंत्री, अनुसूचित जाति एवं जन-जाति कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत नवीनगर एवं बारून प्रखंड अन्तर्गत अनुसूचित जाति एवं जन-जाति छात्र-छात्राओं के लिए आवासीय उच्च विद्यालय नहीं है;

(2) क्या यह बात सही है कि वर्ष 2010 में सरकार द्वारा सभी प्रखंडों में अनुसूचित जाति एवं जन-जाति के लिए एक-एक आवासीय विद्यालय खोलने का निर्णय लिया गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त प्रखंडों में अनुसूचित जाति/जन-जाति के छात्र-छात्राओं के लिए आवासीय विद्यालय खोलने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------------

निर्माण करना

*1323. श्रीमती सुनीता सिंह-- क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा० शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिले के बेलसंड प्रखंड अन्तर्गत लोहासी पंचायत का नवसृजित प्राथमिक विद्यालय, लोहासी का भवन निर्माण नहीं किया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त विद्यालय के पास 15 डिसमिल जमीन भी उपलब्ध है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त पंचायत में नवसृजित प्राथमिक विद्यालय के भवन का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

निर्माण करना

*1324. श्री विनोद प्रसाद यादव-- क्या मंत्री, शिक्षा (मा० शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिलान्तर्गत शेरघाटी प्रखंड के प्रोजेक्ट कन्या +2 उच्च विद्यालय, शेरघाटी में छात्राओं की कुल संख्या 2137 है, जिसमें वर्ग 9 में 824, वर्ग 10 में 844, वर्ग 11 में 244 एवं वर्ग 12 में 225 है;

(2) क्या यह बात सही है कि विद्यालय में मात्र आठ कमरे हैं जिसमें चार कमरों में क्रमशः कार्यालय, जीम, प्रयोगशाला और कॉमन रूम संचालित है एवं मात्र चार कमरों में ही कक्षा संचालित होती है एवं छात्राओं की संख्या अधिक होने से वर्ग संचालन में कठिनाई होती है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार प्रोजेक्ट कन्या +2 उच्च विद्यालय, शेरघाटी में अतिरिक्त वर्ग कक्ष का निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------------

निर्माण करना

*1325. श्रीमती सुनीता सिंह-- क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा० शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिले के बेलसंड प्रखंड अन्तर्गत भंडारी पंचायत के माँची गाँव में कन्या मध्य विद्यालय का भवन जर्जर है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त विद्यालय में छात्राओं की संख्या 800 से ऊपर रहने के कारण कक्षा की संख्या भी काफी कम है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त विद्यालय में भवन निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हाँ तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

जमा करना

*1326. श्री राजेश सिंह--क्या मंत्री, पर्यावरण एवं वन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि प० चम्पारण जिलान्तर्गत बाल्मिकीनगर के मदन वन क्षेत्र के कैम्पस प्रांगण में वर्ष 2004 के चक्रवात के कारण उखड़े टूटे कीमती पेड़ों को इकट्ठा करके रखा हुआ है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त कीमती पेड़ धीरे-धीरे सड़ रहे हैं;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त कीमती लकड़ी को बेचकर रुपये को टाईगर फाउन्डेशन में जमा करने का विचार रखती है, हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

उत्क्रमित करना

*1327. श्री रामचन्द्र सहनी--क्या मंत्री, शिक्षा (मा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत प्रखंड सुगौली में राजकीय मध्य विद्यालय कैथवलिया के 6 कि०मी० परिधि में कोई उच्च विद्यालय नहीं है एवं उक्त विद्यालय उच्च विद्यालय में उत्क्रमण हेतु वांछित शर्तें पूरा करता है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त मध्य विद्यालय को उच्च विद्यालय में उत्क्रमित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

आवंटन करना

*1328. श्री संजय सरावगी--क्या मंत्री, शिक्षा (मा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दरभंगा शहरी क्षेत्र के तीन उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों यथा राजकीय कृत सर्वोदय +2 उच्च विद्यालय, डॉ० राजेन्द्र प्रसाद कन्या +2 उच्च विद्यालय और विद्यापति +2 उच्च विद्यालय में अभीतक भवन निर्माण नहीं हो पाने के कारण +2 की पढ़ाई प्रारम्भ नहीं हुई है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों का भवन निर्माण हेतु अपेक्षित राशि का आवंटन करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

उत्क्रमित करना

*1329. श्री अशोक कुमार सिंह--क्या मंत्री, शिक्षा (मा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत रफीगंज प्रखंड में मध्य विद्यालय पखनौर उच्च विद्यालय में उत्क्रमित होने का सभी शर्तें पूरा करता है, यदि हां, तो क्या सरकार मध्य विद्यालय पखनौर को उच्च विद्यालय में उत्क्रमित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

स्थापना करना

*1330. श्री राम सुरत राय--क्या मंत्री, पर्यावरण एवं वन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिलान्तर्गत औराई विधान-सभा के औराई एवं कटरा प्रखंड कृषि प्रधान प्रखंड है इन दोनों प्रखंडों में नर्सरी नहीं होने के कारण वहां के किसानों को 50 कि०मी० की दूरी तय कर पौधा जिला मुख्यालय से लाना पड़ता है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त दोनों प्रखंडों में सरकारी नर्सरी की स्थापना करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पूर्ण करना

*1331. श्री मदन सहनी--क्या मंत्री, शिक्षा (मा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिलान्तर्गत बहादुरपुर प्रखंड के बापू स्मारक इंटर विद्यालय, कुशौधर का वित्तीय वर्ष 2009-10 में 26 लाख रुपये प्राक्कलन राशि की स्वीकृति भवन निर्माण के लिए की गई है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त इंटर विद्यालय भवन का निर्माण वर्ष 2011 में शुरू किया गया लेकिन भवन का कार्य लिंटर तक बनाकर छोड़ दिया गया है एवं प्राक्कलन के अनुसार सीमेंट, छड़ एवं बालू का प्रयोग नहीं किया गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त विद्यालय का प्राक्कलन के अनुसार भवन निर्माण कार्य पूर्ण करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

उपलब्ध कराना

*1332. श्री सुरेश चंचल--क्या मंत्री, समाज कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य में बी०पी०एल० धारी के निधन होने के बाद उनके परिवार को दाह-संस्कार के लिए 1500 रुपये की राशि देने का प्रावधान है;

(2) क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिले के सकरा एवं मुरौल प्रखंडान्तर्गत आवंटन नहीं रहने के कारण विगत दो वर्षों से एक भी बी०पी०एल० धारी को इसका लाभ नहीं मिल पाया है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार बी०पी०एल० धारी परिवार के निधन के उपरांत दाह-संस्कार के लिए मिलने वाली राशि का आवंटन सकरा एवं मुरौल प्रखंड के सभी पंचायतों में उपलब्ध कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

भुगतान करना

*1333. श्री सोनेलाल हेम्ब्रम--क्या मंत्री, पर्यावरण एवं वन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बांका जिला के बौंसी प्रखंड के ग्राम झरना में दिनांक 7 जुलाई, 2012 को योगिंदर पंजियार उम्र 65 वर्ष तथा गायत्री देवी उम्र 60 वर्ष को जंगली हाथी द्वारा मार दिया गया एवं ग्राम कुसमाहा के जनक मंडल को भी घायल कर दिया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त व्यक्तियों का अनुदान की राशि की स्वीकृति के लिए जिला से प्रस्ताव दिनांक 11 जुलाई, 2012 को ही मुख्यालय भेज दिया गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार मृतक के परिवार एवं घायल व्यक्ति को अनुदान की राशि स्वीकृत कर भुगतान करने पर विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

निर्माण करना

*1334. श्री तारकिशोर प्रसाद--क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला अन्तर्गत हसनगंज प्रखंड स्थित राजकीय बुनियादी विद्यालय सहित जिले के 7 राजकीय बुनियादी विद्यालयों में कक्षा भवन एवं चहारदीवारी के अभाव में पठन-पाठन कार्य में कठिनाई हो रही है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त विद्यालयों में भवन एवं चहारदीवारी निर्माण का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

निर्माण करना

*1335. श्री संजय सिंह टाईगर--क्या मंत्री, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत संदेश एवं कोईलवर प्रखण्ड में स्टेडियम का निर्माण कार्य वर्ष 2008 में ही प्रारम्भ हुआ था जो अभीतक अधूरा है, उदवन्त नगर प्रखण्ड में तो अभीतक निर्माण कार्य प्रारम्भ ही नहीं हुआ है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार भोजपुर जिला के संदेश एवं कोईलवर प्रखण्ड के अधूरे स्टेडियम निर्माण कार्य को पूरा करने तथा उदवन्त नगर प्रखण्ड में स्टेडियम का निर्माण कार्य प्रारम्भ करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

निर्माण करना

*1336. श्री सदानंद सिंह--क्या मंत्री, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिला के सन्हौला प्रखण्डान्तर्गत चण्डिका मिश्री लाल कृष्ण प्रसाद विद्यालय, अगर, धुबावै का खेल मैदान विगत दो वर्षों से गड्ढों में बदल गया है और मैदान की चहारदीवारी भी नहीं है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त खेल के मैदान में दो वर्ष से क्रिकेट, फुटबॉल सहित अन्य खेलों का जिलास्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन खेल मैदान के गड्ढों में तब्दील होने के कारण नहीं हो रहा है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त मैदान को प्रतियोगिता के आयोजन लायक बनाने तथा चहारदीवारी का निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

पदस्थापन करना

*1337. श्री विनय बिहारी--क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा० शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि प० चम्पारण जिला के योगापट्टी प्रखण्ड अन्तर्गत राजकीय प्राथमिक विद्यालय, डुमरी में छात्रों की संख्या एक हजार से ज्यादा है, जबकि शिक्षकों की संख्या 7 है;

(2) क्या यह बात सही है कि छात्रों तथा शिक्षकों का अनुपात 40 : 1 रखने का प्रावधान है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार (प्रावधान के अनुसार 40 : 1 में ) शिक्षकों का पदस्थापन करने का विचार रखती है, हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

कार्यान्वयन करना

*1338. श्री वीरेन्द्र सिंह--क्या मंत्री, परिवहन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नेशनल हाई-वे के तीखे मोड़ों के कारण राज्य में नेशनल हाई-वे पर हर दस मिनट में कोई-न-कोई वाहन दुर्घटनाग्रस्त होता है और विगत चार वर्षों में 41 हजार से अधिक सड़क दुर्घटनाएँ हो चुकी हैं जिनमें 18761 लोगों की जानें गयी है और 28661 व्यक्ति जख्मी हुये हैं;

(2) क्या यह बात सही है कि परिवहन विभाग ने सड़क दुर्घटनाएँ रोकने के लिए ''इमरजेंसी केयर ऑफ रोड एक्सिडेंट'' अभियान चलाने का निर्णय वर्ष 2012 में लिया है और इस निमित्त राज्यस्तर पर परिवहन मंत्री की अध्यक्षता में ''राज्य सड़क सुरक्षा परिषद्'' और जिला पदाधिकारियों की अध्यक्षता में ''जिला सड़क सुरक्षा समिति'' का गठन किया है;

(3) क्या यह बात सही है कि समितियों ने राज्य में सड़क दुर्घटना रोकने के लिए कई महत्वपूर्ण सुझाव दिये हैं;

(4) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार राज्य में सड़क दुर्घटना रोकने के लिए विशेष कार्य योजना के कार्यान्वयन का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

सुरक्षित रखना

*1339. श्री अरूण कुमार सिन्हा--स्थानीय हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र के दिनांक 14 दिसम्बर, 2012 के अंक में प्रकाशित ''वंशजों की अनदेखी झेल रहे पुरखों के महादेव'' शीर्षक को ध्यान में रखकर क्या मंत्री, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सासाराम जिलान्तर्गत हथिनी, कुसुम्ही, सकाश, बांदु, अमरा, खैरा, देवडिहीं, सेनुआर, आलमपुर, सोनहर, बहुई, लेरूआ, कोटा, धनकाढ़ा, गुजरू, तेनुआ, गोटपा, सिसरित, रोहतास गढ़, गोड़ईला, आशिकपुर, डिहरी, डुमरी, दुर्गापुर, गुप्ताधाम, खुर्माबाद ग्रामों में नवपाषाण काल की सभ्यता एवं संस्कृति के अवशेष संरक्षण के अभाव में नष्ट हो रहे हैं;

(2) क्या यह बात सही है कि खण्ड (1) में वर्णित ग्रामों का सर्वेक्षण पाँच वर्ष पूर्व काशी प्रसाद जायसवाल शोध संस्थान द्वारा किया गया था;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार खण्ड (1) में वर्णित ग्रामों में मिले नवपाषाण सभ्यता कालीन अवशेषों को सुरक्षित करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

जीर्णोद्धार करना

*1340. श्रीमती मीना द्विवेदी--क्या मंत्री, शिक्षा (उ० शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के अरेराज अनुमण्डल मुख्यालय में एकमात्र महाविद्यालय महंथ शिवशंकर गिरी है, जिसका भवन जर्जर स्थिति में है, जिससे छात्र-छात्राओं को पठन-पाठन में परेशानी हो रही है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त महाविद्यालय के भवन का निर्माण तथा जर्जर पड़े भवन का जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

कार्रवाई करना

*1341. श्रीमती आशा देवी--क्या मंत्री, समाज कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पटना जिला में सर्द मौसम को देखते हुये गरीबों के बीच कम्बल बाँटने हेतु 5 (पाँच) लाख रुपया वर्ष 2012 में उपलब्ध कराई गई थी;

(2) क्या यह बात सही है कि दानापुर अनुमण्डल सहित पूरे पटना जिला में उक्त राशि से एक भी कम्बल नहीं बाँटा गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार संबंधित पदाधिकारियों पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

प्रारम्भ करना

*1342. श्री भोला राय--क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा० शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के कदवा प्रखण्ड अन्तर्गत उत्क्रमित म० विद्यालय, तेगछिया के रसोइयों को दो वर्षों से मानदेय का भुगतान नहीं किया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त विद्यालय के खाते में मध्याह्न राशि एवं विद्यालय में चावल रहते हुये भी छः महीने से मध्याह्न भोजन बंद है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार रसोइयों को मानदेय का भुगतान एवं विद्यालय मध्याह्न भोजन प्रारम्भ कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

पढ़ाई कराना

*1343. श्री प्रदीप कुमार--क्या मंत्री, शिक्षा (मा० शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नवादा जिलान्तर्गत पकरीबरावाँ प्रखण्ड के सरदार पटेल इन्टर विद्यालय, कोनन्दपुर में कम्प्यूटर नहीं रहने से छात्र-छात्राओं को भी कम्प्यूटर शिक्षा से वंचित रहना पड़ता है, यदि हां, तो क्या सरकार सरदार पटेल इन्टर विद्यालय, कोनन्दपुर में कम्प्यूटर लगाकर कम्प्यूटर की पढ़ाई करवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

कार्रवाई करना

*1344. श्री मंजीत कुमार सिंह--क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा० शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिला के सिंधवलिया प्रखण्ड के सभी प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालयों में छात्र/छात्राओं को पोशाक के लिए वित्तीय वर्ष 2011-12 में आवंटित 70 (सत्तर) लाख रु० का वितरण अभीतक नहीं किया गया है, यदि हां, तो राशि वितरण नहीं करने वाले पदाधिकारियों के विरुद्ध सरकार क्या कार्रवाई करना चाहती है ?

---------

रोक लगाना

*1345. श्रीमती (प्रो०) उषा सिन्हा--क्या मंत्री, उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिले के कराय परशुराय प्रखण्ड में अब्बुपुर, सान्ध, सलेमपुर, बेरथू एवं बिन्सा गाँवों में अवैध शराब का निर्माण एवं बिक्री का कारोबार धड़ल्ले से चल रहा है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त गाँवों में अवैध शराब के निर्माण एवं बिक्री की रोकथाम के लिए स्थानीय प्रशासन द्वारा कोई कारगर कदम अभीतक नहीं उठाया गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार अवैध शराब के निर्माण एवं बिक्री पर रोक लगाना चाहती है, हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

निर्माण करना

*1346. श्री कृष्णनन्दन पासवान--क्या मंत्री, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जन-जाति कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला अन्तर्गत तुरकौलिया प्रखण्ड में अवस्थित राजाराम उच्च विद्यालय, तुरकौलिया में अनुसूचित जाति के छात्र एवं छात्राओं की संख्या काफी है । ये छात्र-छात्राएं सुदूर देहाती क्षेत्रों से काफी दूरी तय कर विद्यालय में पठन-पाठन करने आते हैं;

(2) क्या यह बात सही है उक्त विद्यालय में अनुसूचित जाति कल्याण छात्रावास की व्यवस्था नहीं है जिसके कारण छात्र-छात्राओं के रहने एवं पठन-पाठन में दिक्कतें हो रही हैं;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त विद्यालय में अनुसूचित जाति कल्याण छात्रावास निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक नहीं, तो क्यों ?

---------

कार्रवाई करना

*1347. श्रीमती मनोरमा प्रसाद--क्या मंत्री, वन एवं पर्यावरण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि प० चम्पारण जिला के मैनाटांड एवं बैरिया प्रखण्ड के उन पंचायतों में एक वर्ष से वन पोषकों का भुगतान नहीं किया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि वन पोषकों को भुगतान नहीं होने के कारण मजदूरों की स्थिति दयनीय है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार वन पोषक मजदूरों के भुगतान संबंधी कार्रवाई करने का विचार रखती है, यदि नहीं, तो क्यों ?

सुविधा देना

*1348. श्री चन्द्रशेखर--क्या मंत्री, समाज कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य में बने आंगनबाड़ी के भवन में शौचालय एवं चापाकल की सुविधा नहीं है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त सुविधा नहीं रहने से आंगनबाड़ी केन्द्र में आने वाले बच्चों एवं कर्मियों को काफी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार राज्य में पूर्व से निर्मित और नये आँगनबाड़ी भवनों को उक्त सुविधा से लैस करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

नियुक्ति करना

*1349. श्री शिवेश कुमार--क्या मंत्री, शिक्षा (मा० शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिला के सभी +2 स्तरीय उच्च विद्यालयों में विज्ञान सामग्री, कम्प्यूटर, जेनरेटर आदि की व्यवस्था की गई है लेकिन इसकी सुरक्षा हेतु रात्रि प्रहरी की व्यवस्था नहीं की गयी है;

(2) यदि उपरोक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार भोजपुर जिला के सभी +2 स्तरीय उच्च विद्यालयों में रात्रि प्रहरी की नियुक्ति करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

उत्क्रमित करना

*1350. श्रीमती नीता चौधरी--क्या मंत्री, शिक्षा (मा० शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुंगेर जिला के टेटिया बम्बर प्रखण्ड में टेटिया बम्बर कन्या मध्य विद्यालय संचालित है एवं प्रखण्ड में कोई भी कन्या उच्च विद्यालय नहीं है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त कन्या मध्य विद्यालय को उच्च विद्यालय में उत्क्रमित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

उपलब्ध कराना

*1351. श्री दिनेश कुमार सिंह--क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा० शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर, बक्सर, रोहतास जिला सहित पूरे राज्य के विद्यालयों में वर्ग 6,7 एवं 8 का पुस्तक अभीतक छात्रों को उपलब्ध नहीं कराया गया है, यदि हां, तो इसका क्या औचित्य है ?

---------

पदस्थापन करना

*1352. मो० आफाक आलम--क्या मंत्री, शिक्षा (मा० शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियां जिलान्तर्गत कस्बा प्रखण्ड के कलानन्द उच्च विद्यालय, गढबनैली में रात्रि प्रहरी नहीं है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त विद्यालय में रात्रि प्रहरी का पदस्थापन करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

कार्यालय खोलना

*1353. श्री पवन कुमार जायसवाल—क्या मंत्री, निबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत घोड़ासहन प्रखंड से अवर निबंधन कार्यालय, ढाका की दूरी 18 कि0मी0 तथा अवर निबंधन कार्यालय, छोड़ादानों की दूरी 30 कि0मी0 है, जिससे निबंधन कार्य हेतु क्षेत्र के आम नागरिकों को कठिनाई का सामना करना पड़ता है ;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार घोड़ासहन प्रखण्ड में अवर निबंधन कार्यालय खोलने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

कार्रवाई करना

*1354. श्री जितेन्द्र कुमार राय—क्या मंत्री, पर्यावरण एवं वन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि राजकीय पथों के निर्माण एवं चौड़ीकरण के दौरान सड़क के किनारे पेड़ों की कटाई के पहले अनापत्ति प्रमाण–पत्र की आवश्यकता होती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि सारण जिले से गुजरने वाली एस0एच0 90 महमदपुर, छपरा पथ का निर्माण कार्य कम्पनी द्वारा बिना एन0ओ0सी0 के कराया जा रहा है एवं धीरे–धीरे सड़क के किनारे लगे वृक्षों की कटाई की जा रही है ;

(3) क्या यह बात सही है कि वर्ष 2011–12 में जिला प्रशासन एवं वन विभाग द्वारा निर्माण कम्पनी के कई मशीनों को अवैध तरीके से पेड़ों की कटाई करने के कारण जप्त किया था तथा मुकदमा भी दर्ज किया था ;

(4) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार निर्माण एजेन्सी एवं संबंधित दोषियों पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

विद्यालय खोलना

*1355. श्रीमती रंजू गीता—क्या मंत्री, अनुसूचित जाति/जन–जाति कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत बाजपट्टी प्रखंड मुख्यालय में अनुसूचित जाति का आवासीय विद्यालय नहीं होने के कारण उक्त वर्ग के बच्चे लाभ से वंचित हो रहे हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि बिहार राज्य के प्रत्येक प्रखंड मुख्यालय में अनुसूचित जाति का आवासीय विद्यालय खोलने का प्रावधान है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त प्रावधान के अनुरूप वर्णित प्रखंड में आवासीय विद्यालय खोलने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

निर्माण करना

*1356. श्री श्याम बिहारी प्रसाद—क्या मंत्री, शिक्षा (मा0शि) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि पू0 चम्पारण जिला अन्तर्गत बंजरीया प्रखंड मे सेमरा उच्च विद्यालय है जो 10+2 तक है ;

(2) क्या यह बात सही है कि कक्षा 9 में 400 और कक्षा 10 में 528 बच्चे–बच्चियां पढ़ते हैं ;

(3) क्या यह बात सही है कि उक्त विद्यालय का पुराना भवन ध्वस्त हो चुका है और नये चार छोटे–छोटे कमरे रहने के चलते बच्चे बाहर में बैठकर पठन–पाठन करते हैं ;

(4) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार सेमरा उच्च विद्यालय में बच्चों के पठन–पाठन के लिये अतिरिक्त भवन बनाने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

निर्माण करना

* 1357. श्री अम्बिका सिंह––क्या मंत्री, अनुसूचित जाति/अनुसूचित जन–जाति कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि––

(1) क्या यह बात सही है कि कैमूर जिलान्तर्गत रामगढ़ विधान–सभा क्षेत्र में एक भी अनुसूचित जन–जाति कल्याण छात्रावास नहीं है, जिससे इस समुदाय के छात्र–छात्राओं को कठिनाई होती है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त विधान–सभा क्षेत्र में अनुसूचित जन–जाति के छात्र–छात्राओं के लिए एक छात्रावास का निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

स्वीकृति देना

* 1358. श्रीमती गुलजार देवी––क्या मंत्री, समाज कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि––

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत नगर पंचायत, घोरघडीहा के किसी वार्ड में आँगनबाड़ी केन्द्र संचालित नहीं है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त नगर पंचायत में आगँनबाडी केन्द्र नहीं रहने से गरीब बच्चे और गर्भवती महिलायें पौष्टिकआहार एवं अन्य सुविधाओं से वंचित हो रहे हैं ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त नगर पंचायत में आगँनबाड़ी केन्द्र की स्वीकृति देना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

---

महाविद्यालय खोलना

* 1359. डॉ0 कृष्णनन्दन यादव––क्या मंत्री, शिक्षा (उ0शि0) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि––

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिला के नीमचक बथानी अनुमंडल में अल्पसंख्यकों का शैक्षणिक दर बहुत कम है ;

(2) क्या यह बात सही है कि नीमचक बथानी अनुमंडल में अल्पसंख्यक महाविद्यालय नहीं है जिससे उनलोगों को आगे की पढ़ाई में कठिनाई होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार अल्पसंख्यक बच्चों के उच्च शिक्षा प्राप्त करने हेतु एक महाविद्यालय खोलने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

भराई करना

* 1360. श्री नौशाद आलम––क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा0शि0) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि––

(1) क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिला के ठाकुरगंज प्रखण्डान्तर्गत प्राथमिक तथा मध्य विद्यालयों यथा प्रा0वि0 भेलागुड़ी, उत्क्रमित म0वि0 नैजागच्छ कौआमीटा, उत्क्रमित म0वि0 हजारी, उ0म0वि0 दुराघाटी, प्रा0वि0दुधौरी आदि विद्यालयों के प्रांगण में बरसात में पानी जमा हो जाता है ;

(2) क्या यह बात सही है कि इन विद्यालयों के प्रांगण में पानी जमा होने के कारण छात्र–छात्राओं को पठन–पाठन में कठिनाई होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त विद्यालयों के प्रांगण में मिट्टी भराई कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

निर्माण करना

* 1361. श्री दिनेश कुमार सिंह—क्या मंत्री, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिला के जगदीशपुर प्रखण्ड अंतर्गत दौंवा ग्राम में खेल का मैदान 90 साल पहले से है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त खेल के मैदान का घेराबन्दी एवं स्टेडियम का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

कार्रवाई करना

* 1362. श्री अरूण कुमार सिन्हा—स्थानीय हिन्दी दैनिक में दिनांक 04 दिसम्बर, 2012 को प्रकाशित शीर्षक "अनफिट वाहन बिगाड़ रहे फिटनेस" को ध्यान में रखकर क्या मंत्री, परिवहन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि राजधानी पटना में परिचालित अनफिट वाहनों की संख्या में प्रत्येक साल लगातार वृद्धि होने से वायु प्रदूषण के कारण लोगों का स्वास्थ्य प्रभावित हो रहा है, यदि हाँ, तो क्या सरकार पटना में अनफिट वाहनों के परिचालन पर रोक हेतु कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

निर्माण करना

* 1363. श्री अरूण शंकर प्रसाद—क्या मंत्री, शिक्षा (मा0शि0) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत बासोपट्टी प्रखंड के +2 उच्च विद्यालय लौठवा के खेल मैदान खुला रहने के कारण जमीन का अतिक्रमण किया जा रहा है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त विद्यालय के प्रबंध समिति विगत एक वर्ष पूर्व में बैठक कर प्रस्ताव पारित कर जमीन अतिक्रमण से मुक्त कराने के लिए अंचलाधिकारी, बासोपट्टी को पत्र प्रेषित किया परन्तु अभीतक कोई कार्रवाई नहीं किया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त विद्यालय के अतिक्रमित भूमि को मुक्त कराते हुए चहारदीवारी का निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

निर्माण करना

* 1364. श्री सम्राट चौधरी उर्फ राकेश कुमार—क्या मंत्री, पर्यावरण एवं वन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि खगड़िया जिलान्तर्गत गोगरी तथा परबत्ता प्रखंड में एक भी सरकारी पौधशाला नहीं है जिंससे आम नागरिकों को पौधारोपण हेतु खगड़िया से पेड़ लाना होता है ;

(2) यदि उपर्युक्त खड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार गोगरी तथा परबत्ता में सरकारी पौधशाला का निर्माण करवाने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

विद्यालय खोलना

* 1365. श्री कृष्णनन्दन यादव—क्या मंत्री, शिक्षा (मा0शि0) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिला के नीमचक बथानी अनुमंडल में अल्पसंख्यकों का शैक्षणिक दर बहुत कम है, यदि हाँ, तो क्या सरकार बथानी प्रखंड में अल्पसंख्यक बच्चों को माध्यमिक शिक्षा प्राप्त करने हेतु एक अल्पसंख्यक उच्च विद्यालय खोलने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

चहारदीवारी बनाना

* 1366. श्री मनोहर प्रसाद सिंह—क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा0शि0) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के मनसाही प्रखंड अंतर्गत कुरेठा ग्राम पंचायत के उत्क्रमित मध्य विद्यालय बलुआ में चहारदीवारी नहीं है, यदि हाँ, तो क्या सरकार वहाँ चहारदीवारी बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

कार्रवाई करना

* 1367. श्री जनक सिंह—क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा0शि0) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि सारण जिलान्तर्गत इसुआपुर प्रखंड के प्राथमिक विद्यालय केरवा बालक के प्रभारी शिक्षक श्री बुनी लाल राय विद्यालय के कार्य के साथ–साथ पाँच वर्ष से भी अधिक दिनों से प्रखंड संसाधन केन्द्र, इसुआपुर में कार्य कर रहे हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि शिक्षा विभाग द्वारा यह निर्देशित है कि किसी भी प्रभारी शिक्षक को प्रखंड संसाधन केन्द्र एवं अन्य कार्य नहीं करेंगे जिससे कि विद्यालय प्रभावित हो ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त शिक्षक के साथ–साथ दोषी पदाधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

निरीक्षण करना

* 1368. श्री अवनीश कुमार सिंह—स्थानीय दैनिक समाचार–पत्र में दिनांक 14 अक्टूबर, 2012 को प्रकाशित शीर्षक "एक विद्यालय तीस बच्चे और ग्यारह शिक्षक" के आलोक में क्या मंत्री, शिक्षा (मा0शि0) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य के 38 जिलों में 1357 विद्यालयों में शिक्षकों का अभाव है जबकि 433 ऐसे विद्यालय हैं जहाँ जरूरत से ज्यादा शिक्षक हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि स्कूल इंस्पेक्टर के 90 फीसदी पद रिक्त हैं, जिसके कारण निरीक्षण कार्य नहीं हो पा रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार विद्यालयों में पर्याप्त संख्या में शिक्षक उपलब्ध कराकर पठन–पाठन सुचारू करने तथा स्कूल इंस्पेक्टर की बहाली कर नियमित निरीक्षण का कार्य कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

निर्माण करना

* 1369. श्रीमती गुड्डी देवी—क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा0शि0) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि बिहार सरकार द्वारा बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने हेतु राज्य के प्रत्येक प्रखंड में बालिका छात्रावास खोलने का निर्णय वित्तीय वर्ष 2011–12 में लिया गया है एवं वित्तीय वर्ष 2012–13 में 2000 लाख रुपये का प्रावधान किया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत रुन्नीसैदपुर प्रखंड में बालिका छात्रावास का निर्माण अभी तक नहीं हुआ है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त प्रखंडों में बालिका छात्रावास का निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

निर्माण करना

*1370. श्री पवन कुमार जायसवाल—क्या मंत्री, निबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत घोड़ासहन प्रखंड से अवर निबंधन कार्यालय, ढाका का भवन बेहद जर्जर एवं पुराना है, जिस कारण लोगों को व्यापक परेशानी का सामना करना पड़ता है, यदि हां, तो क्या सरकार अवर निबंधन कार्यालय, ढाका के नये भवन निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

जाँच कराना

*1371. श्री मदन सहनी—क्या मंत्री, शिक्षा (मा० शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिलान्तर्गत हनुमाननगर प्रखंड के उत्क्रमित उच्च विद्यालय, शलवारा का भवन निर्माण वित्तीय वर्ष 2012–13 में हो रहा है, जिसमें सरकारी मानक के हिसाब से ईंट, पत्थर, सीमेंट एवं छड़ का इस्तेमाल नहीं हो रहा है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त विद्यालय के भवन निर्माण की जाँच कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

बस का परिचालन

*1372. श्री अम्बिका सिंह—क्या मंत्री, परिवहन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि कैमूर जिला के प्रखंड दुर्गावती के अधीन खजपुरा उत्तर प्रदेश का सीमावर्ती क्षेत्र है जहां से पटना आने की कोई व्यवस्था नहीं है ;

(2) क्या यह बात सही है कि सरकारी बसों का परिचालन नहीं होने से ग्रामीणों को पटना आने में कठिनाई होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार पटना से खजपुरा हेतु सरकारी बसों का परिचालन कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पदस्थापन करना

*1373. श्रीमती पूनम देवी यादव—क्या मंत्री, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि खगड़िया जिला में जिला खेल पदाधिकारी का पद विगत 5 वर्षों से रिक्त है, यदि हां, तो सरकार वहां जिला खेल पदाधिकारी का पदस्थापन करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रतिनियुक्ति करना

*1374. श्री (मो०) आफाक आलम—क्या मंत्री, शिक्षा (मा० शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत कस्वा प्रखंड के कलानन्द उच्च विद्यालय, गढ़बनैली, उच्च विद्यालय, कस्वा, कन्या उच्च विद्यालय, कस्वा में अनुसेवक नहीं है जिससे कार्यालय कार्य जैसे समय पर घंटी बजाना, स्कूलों का साफ–सफाई आदि कार्य समय पर नहीं होते हैं ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त स्कूलों में अनुसेवक की प्रतिनियुक्ति करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

कार्रवाई करना

*1375. श्री सम्राट चौधरी उर्फ राकेश कुमार—क्या मंत्री, शिक्षा (मा० शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बिहार राज्य में मैट्रिक उत्तीर्ण एवं उससे ऊपर उच्च शिक्षा प्राप्त बेरोजगारों को बेरोजगारी भत्ता देने का निर्णय सरकार ने वर्ष 1992 में लिया था, जिसका भुगतान दो वर्ष तक होने के बाद बंद कर दिया गया है, यदि हां, तो क्या सरकार बेरोजगार युवकों को बेरोजगारी भत्ता देने हेतु कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पटनाः
दिनांक 5 मार्च, 2013 (ई०)।

फूल झा,
प्रभारी सचिव,
बिहार विधान–सभा ।

बि० स० मु० (एल० ए०) 235–डी०टी०पी०–400